प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ०प्र०-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/685 **दिनांकः 06 फरवरी, 2024**

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः विश्वविद्यालय की सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों के द्वितीय चरण की परीक्षाओं का सम्भावित (Tentative) परीक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के निम्नलिखित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की द्वितीय चरण की लिखित परीक्षायें विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा दिये अनुमोदनोपरान्त दिनांक **06 मार्च, 2024 से दिनांक 30 मार्च, 2024** तक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराया जाना हैः

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम	सेमेस्टर	लिखित परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि / कार्यक्रम
1	B.Tech, B.Pharm, MBA(All), MCA, M.Arch, M.Tech, M.Pharm & MURP	1st & 3rd	**दिनांक 06 मार्च, 2024 से 31 मार्च, 2024 तक (परीक्षा कार्यक्रम संलग्न)**
	B.Arch, MBA(INT), MCA(INT.), M.Tech(INT), BHMCT, BFA, B.VOC., BFAD and (MCA-DD & MAM, Only Carry Over)	1st	

उपरोक्तानुसार उल्लेखित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरो के द्वितीय चरण की लिखित परीक्षाओं का **सम्भावित (Tentative)** परीक्षा कार्यक्रम **Branch wise** संलग्न कर प्रेषित है तथा प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 26 फरवरी, 2024 से 02 मार्च, 2024 के मध्य सम्पन्न कराया जायेगा, जिसके लिए ससमय ई0आर0पी0 पोर्टल संचालित किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि संलग्न सम्भावित (Tentative) परीक्षा कार्यक्रम में किसी प्रकार की त्रुटि / संशोधन की अवस्था में **ई-मेल आई0डी0 dcoe-a@aktu.ac.in** पर **दिनांक 15 फरवरी, 2024 को सायः 5.00 बजे तक** प्रेषित करना सुनिश्चित करें तथा अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को भी अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नकः **यथोक्त।**

06/02/2024
(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के अनुसार निर्धारित समय तक आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक